माई मेरी माई

मेरी माई ओ मेरी माई,
नाम तेरा बड़ा सुखदाई
मेरी माई ओ मेरी माई.....

राह सूझी ना कोई,
तो थामी एक डगर,
नाम तेरा लेकर,
अथक चला अविरल,
किया पूर्ण मैनें सफ़र,
किया पूर्ण मैनें सफ़र,
मैं पहुंचा तेरे दर,
मेरी माई ओ मेरी माई.....

ना रही कोई चिंता,
मुझको रहा ना कोई डर,
जब से रख दिया मैया जी,
चरणों में तेरे मैनें अपना सर,
चरणों में रख दिया सर,
अब तो मेरी वही बसर,
मेरी माई ओ मेरी माई.....

अब तो मेरी वही बसर,
रखना मुझ पे मेहर मैया जी,
रखना राजीव पे मेहर मैया जी,
सदा रखना कर्म ए नज़र,
मेरी माई ओ मेरी माई,
नाम तेरा बड़ा सुखदाई.......

©राजीव त्यागी
नजफगढ़ नई दिल्ली

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29656/title/maayi-meri-maayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |